तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को चाबी देकर ...





10 मजदूरों से अवैध वसूली का आरोप, राजमिस्त्री ...




# केन्द्रीय गृहमंत्री शाह शहीद गुण्डाधूर के गांव नेतानार में करेंगे रात्रि विश्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दो दिवसीय बस्तर प्रवास को देखते हुए सुरक्षा के चाकचौबंद व्यवस्था के साथ ही नेतानार व शहर के निजी होटल में जोर शोर से तैयारी की जा रही है। अमित शाह चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होगें तथा रात्रि विश्राम शहीद गुण्डाधूर के गांव नेतानार में करेगें।

जानकारी के मुताबिक आगामी 18 मई को दो दिवसीय बस्तर दौरा प्रस्तावित है। प्रवास को देखते हुए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रवास के पहले दिन शहर से करीब 25 किलोमीटर की दूर नेतानार गांव जाएंगे। यह गांव भूमकाल आंदोलन के जननायक वीर शहीद गुंडाधुर का पैतृक गांव है। नेतानार स्थित सीआरपीएफ कैंप में जवानों के साथ मुलाकात कर रात्रि विश्राम करेंगे साथ ही स्थानीय ग्रामीणों और बस्तर के अन्य जनजातियों के प्रमुखों के साथ मुलाकात करेंगे। इसे देखते हुए नेतानार गांव में तैयारी जोर-जोर से चल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली बार है जब कोई केंद्रीय मंत्री उनके गांव पहुंच रहे हैं। इससे पूर्व नेतानार के आसपास का इलाका कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था। इसी गांव में नक्सलियों ने फॉरेस्ट रेस्ट हाउस को आईईडी से उड़ाया था जिसकी जांच के लिए जा रहे दरभा थाना प्रभारी के ⏭ शेष पेज 10 पर

## शहर के होटल से लेकर नेतानार गांव तक गृहमंत्री के प्रवास को लेकर तैयारी जोरों पर





### मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में होंगे शामिल

आईजी सुंदरराज पी के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 18 मई को विशेष विमान से जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वायु सेना के एमआई 17 हेलीकॉप्टर से नेतानार गांव पहुंचेंगे और यहां सीआरपीएफ कैंप में जवानों के साथ भोजन करने के बाद रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 19 मई को शहर के निजी हॉटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26 वीं बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल रहेंगे। आईजी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री के बस्तर प्रवास को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### 9 ग्रामों को घोषित किया गया टीबी मुक्त पंचायत

**जगदलपुर**। सामुदायिक स्वास्थ्य बकावंड सेक्टर जैबेल के बड़े जिराखाल में सुशासन तिहार के अवसर पर 9 ग्रामों को टीबी मुक्त पंचायत की घोषणा की गई, जिसमें ग्राम जैबेल, सतोषा, तारेका, बनकोमार, डिमरापाल, मोहलई, बड़े जिराखाल है। वर्तमान मे टी बी मुक्त ग्राम की घोषणा सुशासन तिहार में जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, उपाध्यक्ष तरुण पांडे की ओर से प्रमाण पत्र पंचायतों के सरपंच को प्रदाय किया गया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, बीपीएम, पर्यवेक्षक दिनेश पराते, मुन्नालाल पानीग्राही, चन्द्रप्रकाश सेठिया, तुलेन्द्र पांडे, विकासखंड बकावंड के जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधी शामिल हुए।

### त्रिदिवसीय विराट योग उत्सव कल से



**जगदलपुर**। विश्व योग दिवस से पूर्व फिट बस्तर-हिट बस्तर अभियान के तहत जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन और पतंजलि योग समिति बस्तर के संयुक्त तत्वावधान में त्रिदीवसीय विराट योग उत्सव का आयोजन 15, 16,17 मई की सुबह 5.30-7.30 बजे तक नगर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में होगा। भारत स्वाभिमान न्यास की जिला प्रभारी जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग योग से जुड़ रहे हैं जो उनकी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। उत्सव में योग के साथ-साथ बीपी, शुगर, हार्ट अटैक जैसी बीमारियों के साथ ही कई गंभीर बीमारियों के उपचार की घरेलू और आयुर्वेदिक उपचार के साथ एक्यूप्रेसर की भी जानकारी योग शिविर में लोगों को दी जाएगी। योग शिविर में सभी जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित समाज एवं संगठनों ने इस शिविर हेतु पूर्ण रूप से सहयोग मिल रहा है। योग शिविर संचालन में प्रमुख रूप से बी. जयराम, दिगंबर राव, प्रेमचंद मिश्रा, एल शिव प्रसाद, दौलत सिंह, पुखराज ठाकुर, जय गोपाल सरकार, संकेत सिंह, राजेंद्र देवांगन, गायत्री बड़कस, मुन्नी सिंग, बबीता पांडेय सहित आम जनों का सहयोग मिल रहा है।

### भोपालपटनम के वार्ड क्रमांक 12 में पार्षद उप निर्वाचन निरस्त

**बीजापुर**। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पंचायत भोपालपटनम के वार्ड क्रमांक 12 के लिए पार्षद पद हेतु प्रस्तावित उप निर्वाचन को विलोपित करने संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद पद के निर्वाचन हेतु जारी निर्वाचन सूचना प्रारूप-2 को निरस्त किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

**बीजापुर**। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के निर्वाचन क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिले के जनपद पंचायत बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपटनम एवं उसूर आवापल्ली अंतर्गत पंचायतों के रिक्त पदों पर निर्वाचन कराया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित पंचायत क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। उप निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान रैली, पदयात्रा, आमसभा, सभास्थल, अन्य सार्वजनिक आयोजनों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा ⏭ शेष पेज 10 पर

### सीमा पार हो रहा हरा सोना, वन विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

# सरकारी फड़ सूने, बॉर्डर पर दलालों का कब्जा राज्य को करोड़ों की रायल्टी का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोरनापाल



बस्तर के जंगलों में इस समय तेंदूपत्ता सीजन चरम पर है लेकिन इस बार सरकारी फड़ों में सन्नाटा और सीमा पार तस्करों की चहल-पहल ने वन विभाग की पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुकमा वनमंडल में तय लक्ष्य के मुकाबले आधी खरीदी भी नहीं हो सकी है। जबकि हजारों बोरा तेंदूपत्ता दोरनापाल से लेकर कोंटा और जगरगुंडा क्षेत्र से होते हुए ओड़िशा पहुंच चुका है।

- दोरनापाल क्षेत्र से ओड़िशा तक तेंदूपत्ता तस्करी का खेल

हालात ऐसे हैं कि सुकमा के जंगलों से दिन-रात मोटरसाइकिलों में बोरा भरकर तेंदूपत्ता खुलेआम सीमा पार कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ओड़िशा के व्यापारी और बिचौलिए गांव-गांव पहुंचकर नकद भुगतान के दम पर तेंदूपत्ता खरीद रहे हैं, जबकि सरकारी फड़ों में भुगतान की जटिल प्रक्रिया और क्वालिटी के नाम पर संग्राहकों को परेशान किया जा रहा है। इसी वजह से आदिवासी संग्राहकों का सरकारी व्यवस्था से भरोसा टूटता जा रहा है। कई ग्रामीण अब सरकारी फड़ों में पत्ता बेचने के बजाय कम दाम पर ही सही, लेकिन तुरंत नकद पाने के लिए पड़ोसी राज्यों के कारोबारियों को माल सौंप रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक दोरनापाल से ओड़िशा बॉर्डर तक दर्जनों कथित अघोषित फड़ संचालित होने की चर्चा है। आरोप है कि इन फड़ों से हर दिन 30 से 40 मोटरसाइकिलों के जरिए बोरा भर-भरकर तेंदूपत्ता मलकानगिरी की ओर भेजा जा रहा है।

#### सीमा पर जांच नहीं

सीमा पर जांच नाका नहीं लगाया गया है जिससे जब खुलेआम तेंदूपत्ता बाहर जा रहा है। जानकारी के बावजूद वन विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो सरकार को करोड़ों रुपये की रॉयल्टी का नुकसान होगा और इसका सीधा असर आदिवासियों को मिलने वाले बोनस पर पड़ेगा।

#### देश का बेहतरीन पत्ता, लेकिन जंगलों में ही छूट रहा संग्रहण

कोंटा और जगरगुंडा इलाके का तेंदूपत्ता देश की बेहतरीन क्वालिटी में गिना जाता है, लेकिन इस बार इलाके का बड़ा हिस्सा संग्रहण से ही बाहर रह गया। वजह साफ है, सरकारी खरीदी की धीमी रफ्तार और नकद बाजार की तेज चमक। सूत्रों के मुताबिक, शबरी नदी पार करते ही छत्तीसगढ़ का पत्ता ओड़िशा का बन जा रहा है। वहां खुले बाजार में बिना सरकारी रोक-टोक खरीद हो रही है और इसका पूरा फायदा बाहरी व्यापारी उठा रहे हैं।

#### फोन नहीं उठाने से बढ़े सवाल

इस पूरे मामले में दोरनापाल रेंजर से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। सीमा क्षेत्र में जांच व्यवस्था नहीं होने और लगातार हो रही तस्करी को लेकर अब वन विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## नीट पेपर लीक के विरोध में युकां ने फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश युवा कांग्रेस के आदेशानुसार राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम की उपस्थिति में जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश एवं युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले के विरोध में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राजीव भवन के समक्ष प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया गया।

- नीट यूजी पेपर लीक मामला को लेकर युकां ने प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

युकां अध्यक्ष ने कहा कि देश के लाखों छात्रों का भविष्य आज अधर में लटक गया है। नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में बार-बार हो रही पेपर लीक की घटनाएं केंद्र सरकार की विफलता और परीक्षा प्रणाली की खामियों और नाकामियों को उजागर करती हैं। युवा कांग्रेस की मांग है कि परीक्षा में हुई धांधली की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की जाए। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें। प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने के लिए पारदर्शी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कार्रवाई न होने पर आंदोलन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम ने कहा नीट परीक्षा में सामने आए पेपर लीक मामलों का आना केंद्र सरकार की नाकामी का प्रमाण है। लगातार हो रहे पेपर लीक से यह स्पष्ट हो गया है कि शिक्षा व्यवस्था में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और ⏭ शेष पेज 10 पर

## लेगड़ीबाई के युवा ने संघर्षों को हरा कर पूरा किया डॉक्टर बनने का सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर



जिले के छोटेडोंगर क्षेत्र के लेगड़ीबाई गांव के युवा चंद्रेश पात्र ने कठिन परिस्थितियों और आर्थिक अभावों के बावजूद एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर बस्तर को गौरवान्वित किया है। दो बड़े हादसों और गरीबी जैसी चुनौतियों के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और अपने मजबूत इरादों से डॉक्टर बनने का सपना साकार किया। वन मंत्री केदार कश्यप ने चंद्रेश पात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता बस्तर के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि मेहनत, संघर्ष और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता ⏭ शेष पेज 10 पर

- वन मंत्री ने कहा साय सरकार में शिक्षा से बदल रहा बस्तर

#### एकलव्य दे रहा नई उड़ान

मंत्री कश्यप ने कहा कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे बस्तर में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय आदिवासी और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और प्रतियोगी माहौल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जिन क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच सीमित थी, वहां आज बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। चंद्रेश पात्र की उपलब्धि इसी सकारात्मक परिवर्तन का जीवंत उदाहरण है।

## दुर्घटना रोकने रेलवे क्रासिंग पर बनेगा 260 मीटर लंबा आरओबी



**जगदलपुर**। बस्तर संभाग के गीदम से दंतेवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक पर आवराभाटा के रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से 260 मीटर लंबा रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। इसके लिए हाल ही में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने सर्वे किया। बताया जा रहा है कि कार्यालय कार्यपालन अभियता लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 163 ए में दंतेवाड़ा आवराभाटा शहर के अंतर्गत स्थित रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य प्रस्तावित है, इसके लिए सर्वे किया गया। इसका शीघ्र ही टेंडर किया जाएगा, उसके बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम ने बताया कि सर्वे की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजा गया है। इसकी स्वीकृति होने के बाद टेंडर कर निर्माण कार्य किया जाएगा।

### पोटकपल्ली कैम्प हुआ धराशायी, आंधी ने मचाई तबाही

## तूफान व मूसलाधार बारिश से उजड़ा सीआरपीएफ का आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र का पोटकपल्ली कैम्प मंगलवार शाम आए तूफान व मूसलाधार बारिश के चलते धराशायी हो गया। तूफान के कहर से जवानों के बैरक से लेकर टॉयलेट व संचार व्यवस्था भी प्रभावित हुई। इस प्राकृतिक आपदा से सरकारी बुनियादी ढाचे और उपकरणों को भारी क्षति पहुंची। सीआरपीएफ 212 बटालियन के कमाण्डेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार शाम लगभग पांच बजे तेज हवा के साथ बिजली कड़कने और मूसलाधार बारिश ने सीआरपीएफ कैंप में भारी तबाही मचाई। तूफान से जवानों के बैरक, पोस्ट, टॉयलेट की क्षत भी उड़ गई। इसके अलावा एंटीना उड़ने से संचार व्यवस्था भी प्रभावित हुई। तेज आंधी व बारिश ने एक बार फिर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंप को बुरी तरह प्रभावित किया। तेज आंधी के साथ बिजली कड़कने और मूसालाधार वर्षा के साथ आए भीषण तूफान ने सीआरपीएफ की डी 212 बटालियन कैंप पोटकपल्ली को काफी प्रभावित किया।

- बैरक, पोस्ट, टॉयलेट, हुए धराशायी, संचार व्यवस्था भी प्रभावित

सीआरपीएफ पोटकापल्ली का यह कैंप किस्टाराम थाना क्षेत्र में स्थित है। तेज आंधी बारिश के कारण कैंप ⏭ शेष पेज 10 पर

### बिजली बिल ने बढ़ाई टेंशन, स्मार्ट मीटर का झटका, उपभोक्ताओं में आक्रोश

# 700 की बजाय 4200 रुपए का मिला बिल, विद्युत उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर



शहर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली उपभोक्ताओं को भारी-भरकम बिल मिलने से हड़कंप मच गया है। जहां पहले उपभोक्ताओं का बिल 700 से 1200 रुपए के आसपास आता रहा, अब वह अचानक 3000 से 4200 रुपए के पार पहुंच गया है, जिससे आम जनता खासी परेशान है। उपभोक्ताओं का दावा है कि नए स्मार्ट मीटर तेज भाग रहे हैं। कुछ मामलों में बंद घरों का भी भारी-भरकम बिल आ रहा है। ईंधन लागत और गर्मियों में उच्च खपत के कारण विद्युत कंपनियों ने वास्तविक लागत को पूरा करने के लिए शुल्क में वृद्धि की है, जो सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रही है। उपभोक्ता ने कहा कि बिजली बिल की भारी-भरकम राशि मिली, शिकायत करने विद्युत कार्यालय पहुंचे तो कहा गया कि पहले बिजली बिल भुगतान करें। साथ ही कहा जा रहा कि पहले आवेदन दें, उसके बाद निराकरण होगा। विभिन्न चार्ज के नाम पर बिजली बिल में जोड़ा गया है, जिसका कंपनी में शिकायत करने पर गोलमोल जवाब दिया जा रहा है, ऐसे में आम आदमी बिजली के बिल से ही छुटकारा नहीं पा सकता।

- घरों में लगे स्मार्ट मीटर से अधिक आ रहा बिजली बिल

#### बिजली बिल ने उपभोक्ताओं की तोड़ी कमर

उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली के बिल ने उपभोक्ताओं की कमर तोड़ कर रख दी है, बिजली के बिल में खपत से तीन और चार गुना बढ़ाकर बिजली बिल भेजा गया है। मनमाने तरीके से अनाप शनाप बिल थमाया जा रहा है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। भारी भरकम बिजली बिल से क्षेत्र के उपभोक्ता हलाकान हो चुके हैं।

#### गर्मी के चलते बढ़ी खपत

विद्युत कंपनी जगदलपुर शहरीय के कार्यपालन अभियंता सुदीप खेस ने बताया कि बिजली कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर में रियल टाइम रीडिंग होती है, गर्मी के चलते बिजली खपत बढ़ी है। यदि बिल गलत लग रहा है, तो 1912 पर कॉल करके या मोर बिजली ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करें।

## वेद माता गायत्री महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्रपति शिवाजी वार्ड एवं गुरु गोविंद सिंह वार्ड की सीमा से लगे कंगोली स्थित वेद माता गायत्री शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर में निर्माणाधीन वेद माता गायत्री महाविद्यालय भवन का निरीक्षण करने महापौर संजय पांडे पहुंचे। इस दौरान निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन एवं समिति के अध्यक्ष राजबहादुर सिंह राणा भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की गई। यह दौरा केवल भवन निर्माण का जायजा लेने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यालय एवं शिक्षा व्यवस्था से जनप्रतिनिधियों के जुड़ाव का भी उदाहरण बना। महापौर ने कहा कि भवन निर्माण का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### आधार कार्ड सुधारने व बनवाने के लिए विशेष शिविर 16 व 17 को

**कोण्डागांव।** आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय डाक विभाग द्वारा कोंडागांव पोस्ट ऑफिस में आधार सेवा के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 16 मई और 17 मई को आयोजित किया जाएगा। विशेष बात यह है कि शिविर में रविवार को भी आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके। शिविर में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक नया आधार पंजीयन, मोबाइल नंबर अपडेट, पता सुधार, नाम सुधार सहित अन्य आवश्यक अपडेट कार्य करा सकेंगे। विभाग द्वारा नागरिकों से निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आधार सेवाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

### बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार कलस्टर स्तरीय लगेंगे आज

**कोण्डागांव।** राज्य शासन के मंशानुरूप बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत कलस्टर स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही आवेदन लेकर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे। जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डेआठगांव में आयोजित शिविर में ग्राम बानगांव, चिचाड़ी, पाटला, पतोड़ा, पाण्डेआठगांव, माझीआंठगांव, कोर्राबड़गांव, गटटीपलना, जुगदई, शंकरपुर, पैसरा, बैल एवं भण्डारखण्डी के ग्रामीण शामिल होंगे। जनपद पंचायत केशकाल अंतर्गत कोहकामेटा में आयोजित शिविर में ग्राम बटराली, गढ़धनोरा, सरगीपाल, रांधा, तुमुसकोनाड़ी, जामगांव, कोदोभाट, नालाझर, गौरगांव एवं सिदावण्ड मांझीचेरा के ग्रामीण भाग लेंगे। जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत उमरगांव में आयोजित शिविर में ग्राम कावरा, करमरी, उपरगांव, बेलगांव–2, तमरावण्ड, देवगांव एवं करण्डी के ग्रामीण शामिल होंगे।

### जनगणना से सकते में आए झिरियावासी

**धमतरी।** जिले में प्रथम चरण की जनगणना जारी है, लेकिन इस जनगणना ने झिरियावासियों के पैरों तले जमीन खिसका दी है। झिरिया सरपंच माखनलाल ध्रुव के नेतृत्व में आठ परिवारों ने गांव परिवर्तन होने के खिलाफ सामूहिक आपत्ति की है। ग्राम पंचायत झिरिया निवासी सोहनलाल, मनोजकुमार सिन्हा, सुखीत निषाद, चम्पा ध्रुव, ओमिन ध्रुव, कुमारीबाई ध्रुव, सुकारोबाई, आसबाई ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि वे धमतरी तहसील के ग्राम पंचायत झिरिया वार्ड क्रमांक 5 के निवासी हैं।

# मजदूरों से अवैध वसूली का आरोप, राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ ने की शिकायत

## पदाधिकारी व सदस्य पहुंचे माकड़ी थाना, योजना व पंजीयन के नाम पर लिया जा रहा पैसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

जिले के माकड़ी ब्लॉक क्षेत्र में मजदूरों से योजना और पंजीयन के नाम पर अवैध वसूली किए जाने की शिकायत राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ ने माकड़ी थाने में लिखित शिकायत सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। संघ द्वारा थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया गया है कि माकड़ी ब्लॉक के खुड़ी, धंवड़ामाल, पीढापाल समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में "छत्तीसगढ़ मजदूर शक्ति संघ बिलासपुर" नामक संस्था के कुछ लोग गांव-गांव जाकर मजदूर पंजीयन और विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर श्रमिकों से 500 से 5000 रुपये तक की राशि वसूल रहे हैं। आरोप है कि राशि लेने के बाद मजदूरों को न तो कोई रसीद दी गई और न ही पावती उपलब्ध कराई गई।



### श्रम विभाग के अधिकारी बताकर लगा रहे कैंप

वेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित लोग स्वयं को श्रम विभाग का अधिकारी बताकर मोबाइल कैंप आयोजित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना और निर्माण श्रमिक मृत्यु सहायता योजना जैसे योजनाओं में लाभ दिलाने का भरोसा देकर रकम मांग रहे हैं। संघ ने आरोप लगाया कि 8 मई को फरसगांव में आयोजित श्रमिक सम्मेलन 2026 के दौरान भी बाहरी व्यक्तियों द्वारा स्थानीय श्रमिक संघ के कार्यों में हस्तक्षेप किया गया और विरोध करने पर धमकी दी गई। शिकायत में सुनील रतनाकर एवं अन्य 4-5 लोगों के नाम का उल्लेख करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।

### वसूली पर लगाई जाए रोक

राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मजदूरों से की जा रही कथित अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

## सुशासन तिहार: नगर पंचायत केशकाल में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन

# प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को चाबी देकर कराया गृहप्रवेश

**मांगों और समस्याओं के 74 आवेदन मिले, पोर्टल में होगी एंट्री**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ केशकाल

सुशासन तिहार में नगर पंचायत केशकाल में बुधवार को जिलास्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्ण हुए प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को चाबी देकर गृहप्रवेश कराया गया। शिविर में मांगों व समस्याओं से संबंधित 74 आवेदन मिले हैं। सभी आवेदनों की आनलाइन एंट्री की जाएगी और निराकरण के लिए संबंधित विभागों को दिया जाएगा। जिलास्तरीय शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने हेतु व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित नागरिकों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। शिविर में राजस्व विभाग के 9 आवेदन महिला बाल विकास से 3 आवेदन विद्युत विभाग के लिए 4 आवेदन उज्ज्वला योजना हेतु 17 आवेदन मिले। क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओ के लिए निर्माण कार्य हेतु जैसे सीसी सड़क नाली भवन निर्माण जैसे निर्माण कार्य के 25 आवेदन प्राप्त हुए।



### इनकी रही मौजूदगी



क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधिओं की शिविर में उपस्थिति रही। इनमें प्रमुख रुप से नगर पंचायत केशकाल के अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी पार्षदगण पंकज नाग , भूपेश चंद्राकर, महेश तारम, नम्रता भारद्वाज, पूंजलता मरकाम , सुदर्शन कुंजाम , राजेंद्र ठाकुर , हेमंत बांधे एवं वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णदत्त उपाध्याय उपस्थित रहे।

इस तरह और अन्य योजना मिलकर कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री कर समयावधि में निराकरण किया जाएगा । कार्यक्रम के अगले चरण विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों को मंचासीन समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकांक्षा नायक द्वारा भुवन अनुज्ञा प्रदान की गई, जिससे हितग्राहियों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला साथ साथ प्रधानमंत्री आवास योजना में पूर्ण कर चुके मकानों को चाबी देकर उनका गृह प्रवेश कराया गया।

### कई समस्याओं का किया गया निराकरण

शिविर में राजस्व, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, खाद्य, बिजली विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया। योजनाओं से संबंधित आवेदन एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनकर त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आमजन को योजनाओं का लाभ लेने किया प्रेरित

जिनके द्वारा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आमजन को अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर की आयोजन कर रहे मुख्य नगर पालिका अधिकारी नामेश्वर कावड़े से बात करने पर बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही। शासन की योजनाओं के प्रति लोगों में सकारात्मक उत्साह देखने को मिला।

# उपचुनाव : कोंडागांव में 4 जून तक हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध




- नगरपालिका और पंचायत के उपचुनाव को शांतिपूर्ण कराने जिला दंडाधिकारी का आदेश
- बिना अनुमति जुलूस, सभा और रैली पर भी रहेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उपनिर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अस्त्र–शस्त्र लेकर चलने पर रोक लगा दी है। यह आदेश 4 जून 2026 की मध्यरात्रि 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा। जिला प्रशासन का कहना है कि प्रतिबंधात्मक आदेश का उद्देश्य निर्वाचन क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है, ताकि मतदाता बिना किसी डर, भय या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### 1 जून को होगा मतदान 4 जून को आएंगे परिणाम

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 01 महात्मा गांधी वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 12 वीरांगना रानी दुर्गावती वार्ड में पार्षद पद के लिए मतदान 1 जून 2026 को कराया जाएगा, जबकि मतगणना एवं परिणामों की घोषणा 4 जून को होगी। इसी प्रकार जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में पंच एवं सरपंच पदों के लिए भी मतदान कराया जाएगा। पंचायत चुनाव के तहत कोण्डागांव, फरसगांव, माकड़ी, केशकाल और बड़ेराजपुर विकासखंडों के कई ग्राम पंचायतों में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी।

### लाठी, फरसा, तीर–धनुष समेत हथियारों पर रोक

जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति यदि वह लाइसेंसधारी हो विस्फोटक पदार्थ, आग्नेयास्त्र, लाठी, डंडा, भाला, बरछी, फरसा, कुल्हाड़ी, तीर–धनुष या अन्य धारदार हथियार लेकर सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, सभा स्थलों या जुलूसों में नहीं चल सकेगा। इसके अलावा मतदान केंद्र, मतगणना केंद्र, सामग्री वितरण एवं वापसी केंद्रों के 200 मीटर दायरे में हथियार लेकर प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि ड्यूटी में तैनात सीआरपीएफ, एसएएफ और अन्य सुरक्षा बलों को इस आदेश से छूट दी गई है।

### बिना अनुमति धरना, रैली और सभा नहीं

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का धरना, जुलूस, रैली या सार्वजनिक सभा आयोजित करने के लिए जिला दंडाधिकारी, अपर जिला दंडाधिकारी या संबंधित एसडीएम से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# 18.72 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त



**बीजापुर।** जिला आबकारी विभाग ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 18.72 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड विदेशी शराब जब्त की है। कार्रवाई शांतिनगर क्षेत्र में की गई, जहां एक किराना दुकान में अवैध रूप से शराब का विक्रय एवं भंडारण किया जा रहा था। प्जानकारी के अनुसार आबकारी आयुक्त एवं कलेक्टर बीजापुर के निर्देश पर आबकारी टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर छापेमार कार्रवाई की। जांच के दौरान आरोपी रामकांता मंडल के कब्जे से 104 नग रॉयल स्टैग व्हिस्की पाव बरामद किए गए, जिसकी कुल मात्रा 18.72 बल्क लीटर बताई गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 13 हजार 520 रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वतन चौधरी एवं श्रीराम कावड़े सहित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

# शहर के अर्जुन रेसीडेंसी में दूसरी रात भी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

सिहावा रोड स्थित अर्जुन रेसीडेंसी में चोरों ने दूसरी रात भी धावा बोल चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दो मकानों में हुई चोरी में चोरों ने लाखों रूपये के जेवर व नगदी पर हाथ साफ किया है। मिली जानकारी के अनुसार शांति कालोनी के पीछे स्थित अर्जुनी रेसीडेंसी निवासी आशीष भट्टाचार्य 10 मई की सुबह घर में ताला लगाकर परिवार के साथ आईपीएल मैच देखने रायपुर गया था। मैच खत्म होने के बाद आशीष अपने ससुराल खमतराई रायपुर में रूक गया। इसी दौरान अज्ञात चोर सूने मकान का फायदा उठा ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर भीतर रखी आलमारी से नगदी 2 लाख रूपये व सोने-चांदी के जेवर व चांदी का सिक्का कुल लगभग 4 लाख से ज्यादा की चोरी कर फरार हो गये। सोमवार को आशीष अपने घर लौटा तो मुख्य दरवाजे का कुंदा टूटा पाया। कमरे में जाकर देखने पर सामान बिखरा पड़ा था। वहीं आलमारी में रखी नगदी व जेवर गायब थे। घर के पीछे दीवार में लगी लोहे की ग्रील टूटी हुई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया।

# सही दवा, शुद्ध आहार अभियान में दुकानों प्रतिष्ठानों की हुई जांच



**कोण्डागांव।** जिले में "सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार" थीम के अंतर्गत 27 अप्रैल से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराना है। इसके तहत विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में आइसक्रीम पार्लर एवं अन्य दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ–सफाई, फ्रीजर की स्वच्छता, निर्धारित तापमान, खाद्य पंजीयन प्रदर्शन तथा एक्सपायरी सामग्री की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को कालातीत खाद्य पदार्थोंं को अलग रखने, उन पर स्पष्ट लेबल लगाने, खरीद–बिक्री बिलों का संधारण करने, पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड एवं कर्मचारियों के मेडिकल चेकअप रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए गए। अभियान के माध्यम से खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से प्रभावित दो प्रकरणों में मृतकों के वारिसों को कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। धनोरा तहसील के ग्राम धनोरा निवासी शंकरलाल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी प्यारीबाई को सहायता राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार केशकाल तहसील के ग्राम सिदावंड निवासी कोदूराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी मेहतरीन को सहायता राशि स्वीकृत की गई। दोनों मामलों में 4–4 लाख रुपए की दर से कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत राशि को पात्र वारिसों के बैंक खातों में शीघ्र हस्तांतरित किया जाए।

## पेज 9 के शेष

### केन्द्रीय गृहमंत्री शाह....

काफिले पर नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया था जिसमे दरभा थाना प्रभारी समेत 7 जवानों की शहादत हुई थी। नक्सलमुक्त होने के बाद इस गांव में पहली बार कोई केंद्रीय मंत्री पहुंच रहे हैं जिसको लेकर ग्रामीण काफी खुश हैं। जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार नेतानार पहुंच रहे है और तैयारी का जायजा ले रहे है। नेतानार गांव में स्थित पुलिस कैम्प के पास ही लोक निर्माण विभाग के द्वारा हेलीपैड तैयार किया जा रहा है।

### छात्रों के भविष्य ...

लापरवाही हावी है। इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, रामशंकर राव, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री अभिषेक नायडू, चम्पा ठाकुर, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, समस्त पार्षदगण युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### लेगड़ीबाई के युवा ....

है। चंद्रेश पात्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र में शिक्षा, कौशल और युवा विकास को लेकर लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भाजपा सरकार ने बस्तर को केवल विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम नहीं किया, बल्कि इसे शिक्षा का नया केंद्र बनाने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए हैं। आज दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के बच्चे भी डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना देख रहे हैं और उसे पूरा भी कर रहे हैं। यह भाजपा सरकार की दूरदर्शी शिक्षा नीति और सुविधाओं के विस्तार का परिणाम है।

बस्तर की नई पहचान बन रहीं युवा प्रतिभाएं: कश्यप ने कहा कि बस्तर अब केवल प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति के लिए नहीं, बल्कि प्रतिभाशाली युवाओं की उपलब्धियों के लिए भी पहचाना जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि चंद्रेश पात्र की सफलता अन्य युवाओं को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित करेगी और क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी।

### तूफान व मूसलाधार ....

परिसर के भीतर सरकारी अधोसंरचना और परिचालन संबंधी उपकरणों को व्यापक क्षति पहुंची है। पांच बैरकें, एक गार्ड रूम और कमांड पोस्ट को भारी नुकसान पहुंचा है। बाइक स्टैंड तथा जवानों का शौचालय एवं स्नानगृह भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। टीन शीट से निर्मित बाउंड्री वॉल पूरी तरह ढह गई है। महत्वपूर्ण संचार व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाहै। दो वीएचएफ-6 कट एंटीना क्षतिग्रस्त हो गए, दो मास्ट पाइप मुड़ गए तथा एचएफ ब्रॉड बैंड एंटीना वायर कट गया है। इससे बल की संचार व्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो गई।

तूफान से पोल व पेड़ भी उखड़े : बटालियन के असिस्टेंट कमाण्डेंट पार्थ कुमार साहू व एसआई प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि आधीं व भारी बारिश के चलते पोटकपल्ली कैम्प में लगे पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा परिसर में अनेक बड़े पेड़ उखड़कर गिर गए, जिससे वहां मौजूद कर्मियों के लिए जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हालांकि समय रहते बरती गई सावधानियों और तत्परता के कारण किसी भी कर्मी को चोट नहीं आई। तूफान की तीव्रता के बावजूद सभी जवान सुरक्षित हैं और संचार व्यवस्था तथा आवश्यक सेवाओं की बहाली का कार्य वर्तमान में जारी है।

### निर्वाचन क्षेत्रों में ....

वाहनों के उपयोग की अनुमति प्रदान करने हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के तहसीलदार को अधिकृत किया गया है।

### वेद माता गायत्री महाविद्यालय ....

उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

इनकी रही मौजूदगी : इस अवसर पर पीडब्लूडी सभापति निर्मल पाणिग्रही,छत्रपति शिवाजी वार्ड पार्षद श्याम सुंदर बघेल,गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा, महाराणा वार्ड पार्षद नेहा ध्रुव, सुरेश कश्यप, सब इंजीनियर दिलीप मरकाम, मोहम्मद इदरीश,अक्षय सोनी शिक्षण समिति के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## स्विमिंग प्रशिक्षण में खिलाड़ी व बच्चे निखार रहे अपनी प्रतिभा

# समर कैम्प में विद्यार्थियों को विविध कौशल और खेल गतिविधियों का दे रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



ग्रीष्मकालीन समर कैम्प के तहत विद्यार्थियों को विविध कौशल एवं खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में कनेरा रोड स्थित स्विमिंग पूल में बच्चों एवं खिलाड़ियों को निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

जिला प्रशासन एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का आयोजन 1 मई से 25 मई तक किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक संवर्धन, कौशल निर्माण तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। स्विमिंग प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। महिला एवं पुरुष प्रशिक्षकों द्वारा उन्हें तैराकी की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नगर सेना के लाइफ गाड्‌र्स द्वारा स्विमिंग पूल परिसर में लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव सुनिश्चित हो सके।

### सर्वांगीण विकास पर जोर

समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, शारीरिक क्षमता एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी गतिविधियों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इस संबंध में सभी विभागों एवं कार्यालयों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत फूलनार, केशापुर एवं मेटापाल-01, जनपद पंचायत गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत तुमरीगुण्डा, चेरपाल, झोड़ियाबाड़म एवं सियानार, जनपद पंचायत कुआकोण्डा अंतर्गत अरनपुर, मदाड़ी (सरपंच पद), कड़मपाल, जबेली एवं पालनार तथा जनपद पंचायत कटेकल्याण अंतर्गत टेटम एवं मारजूम ग्राम पंचायतों में पंच पदों हेतु उप निर्वाचन कराया जाएगा।

### प्यासे नही रहेंगे बैलाडीला पहाड़ी के पीछे बसे गांव के लोग



**दंतेवाड़ा।** इसमें कोई संदेह नही कि बैलाडीला पहाड़ी के पीछे बसे ग्राम भौगोलिक विषमताओं के चलते मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे है। प्राकृतिक बाध्यताओं सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों ने इन क्षेत्रों में शासकीय लाभकारी योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन में हमेशा बाधा उत्पन्न किया है। परन्तु दृढ़ प्रशासनिक इच्छा शक्ति ने इन तमाम चुनौतियों को पार पाते हुए अब इन ग्रामों में विकास की नई इबारत लिखने हेतु कमर कस लिया है। इस क्रम में बैलाडीला पहाड़ी के पीछे के ग्राम पंचायत हिरोली अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ेपल्ली, पुरंगेल एवं लावा निश्चित रूप से पहुंचविहीन एवं अति दुर्गम क्षेत्र हैं, यहां कि सबसे प्रमुख समस्या स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना रहा है परन्तु यहां बोर गाड़ी का पहुंच पाना संभव नहीं है। इसे देखते हुए ग्रामीणों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के क्षेत्र भ्रमण उपरांत इन ग्रामों में 10 कुआं खनन कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### निधन

**पी.लक्ष्मीनारायण**



**जगदलपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद् सदस्य बीजापुर जिला इकाई के वरिष्ठ कामरेड पी. लक्ष्मीनारायण का इलाज के दौरान निधन हो गया है। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। पार्टी के वे कर्मठ और झुझारू नेता थे।

# शिविर में 406 आवेदन प्राप्त, कई मामलों का मौके पर हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अंतर्गत सुशासन तिहार अभियान के तहत ग्राम पंचायत धुरली में 13 ग्राम पंचायतों का संयुक्त शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए तथा अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों से संपर्क किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश, जनपद सदस्य रामु नेताम, जनपद सदस्य कुणाल ठाकुर सहित सभी पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान कुल 406 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण भी किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर वितरित किए गए, जिससे किसानों को कृषि कार्यों हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगी। समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। वहीं मत्स्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को जाल एवं आइस बॉक्स वितरित कर स्वरोजगार को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

शिविर में आधार सुधार, नया आधार निर्माण, महतारी वंदन योजना हेतु आधार लिंकिंग, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने जैसी आवश्यक सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। ग्रामीणों ने गांव स्तर पर आयोजित इस शिविर की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत की ओर से सभी अतिथियों का साल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

## योजनाओं की जानकारी और हितलाभ वितरण बना आकर्षण का केंद्र

# शिविर में समस्याओं के त्वरित समाधान से नागरिकों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र भोपालपटनम में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर जनसहभागिता और प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक

- 68 आवेदन प्राप्त, 20 शिकायतों का मौके पर निराकरण

विद्यालय भोपालपटनम में आयोजित इस शिविर में सभी वार्डों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 20 शिकायत संबंधी आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। वहीं शेष मांग संबंधी आवेदनों जिनमें भूमि पट्टा, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना तथा अन्य जनहितकारी विषय शामिल हैं पर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष रिंकी कोरम, उपाध्यक्ष संतोष बोरे, वार्ड पार्षदगण, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस



घनश्याम कामड़े, तहसीलदार भोपालपटनम लक्ष्मण राठिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विकास पाटले, सीडीपीओ कल्पना रथ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला स्तरीय अधिकारियों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी की उपस्थिति भी विशेष रही। अधिकारियों ने शिविर में उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भरोसा दिलाया। विभागीय स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र- शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए गए थे। विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया और पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पोस्टर, पाम्पलेट और ब्रोशर वितरित कर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। मंच के माध्यम से अधिकारियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए लोगों को जागरूक किया।

### बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। प्रशासन और नागरिकों की इस सहभागिता को सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### बच्चों का हुआ अन्नप्राशन संस्कार

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। इसमें जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और सामाजिक रूप से विशेष बना दिया।

### दिव्यांग नेत्रहीन महिला को दिए राशन कार्ड



**दंतेवाड़ा।** कार्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम मड़कानार दिव्यांग नेत्रहीन महिला मासे को राशन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जैसे बैंक पासबुक,फोटोग्राफ उपलब्ध कराए गए क्योंकि इन दस्तावेजों के अभाव में उक्त दिव्यांग महिला पेंशन प्रदाय करने में कठिनाई आ रही थी। इस क्रम में एक अन्य हितग्राही लक्ष्मीनाथ और सुखलाल को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदाय किए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर मूलचंद चोपड़ा सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## किरंदुल परियोजना ने ऊर्जा प्रबंधन में जीता गोल्ड अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

बैलाडीला आयरन ओर माइन किरंदुल कॉम्प्लेक्स को ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में आऊट स्टेंडिंग एचिवमेंट के लिए गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में 12वें ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा इनर्जी मैनेजमेंट एक्सीलेन्स अवार्ड 2026 का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता रामदास अठावले उपस्थित थे। इस दौरान समारोह में बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स को ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में आऊट स्टेंडिंग एचिवमेंट के लिए गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। परियोजना की ओर से यह अवार्ड केपी सिंह मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन और शशिकुमार उप महाप्रबंधक विद्युत ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को बधाई देते हुए ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में किरंदुल परियोजना को मिली इस उपलब्धि के लिए भविष्य में भी कार्य करने की बात कही।

## महिलाओं व किशोरियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सम्मान को केंद्र में रखते हुए माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों तथा आयोजित सुशासन शिविरों में माहवारी स्वच्छता से संबंधित व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। माहवारी को लेकर समाज में प्रचलित भ्रांतियों एवं झिझक को दूर करते हुए महिलाओं एवं किशोरियों को वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें सुरक्षित एवं स्वच्छ माहवारी प्रबंधन के प्रति जागरूक बनाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। सुशासन तिहार अन्तर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों में बताया जा रहा है कि माहवारी एक प्राकृतिक एवं सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। सेनिटरी पैड को प्रत्येक 4 से 6 घंटे में बदलना चाहिए। साफ एवं सूखे अंतःवस्त्रों का उपयोग करना चाहिए। हाथों की नियमित रूप से साबुन से सफाई आवश्यक है।

## नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने कलेक्टर ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति एनसीओआरडी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में पूर्व माह में दिए गए निर्देशों की विभागवार समीक्षा करते हुए नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि नशे के कारोबार में संलिप्त वाहनों की जप्ती के पश्चात राजसात एवं नीलामी की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी एवं कारोबार की रोकथाम हेतु डाक सेवा एवं कोरियर सेवा में कार्यरत कर्मचारियों को सतर्क करते हुए सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में जारी ड्रग लाइसेंसों के सत्यापन, संचालित नशा मुक्ति केन्द्रों के नियमित निरीक्षण तथा जिले में संचालित एक-तिहाई दवाई दुकानों के निरीक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित करने को भी कहा गया। इसके अलावा जप्त किए गए ड्रग्स के सुरक्षित विनष्टीकरण की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया गया।

इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में नशा मुक्त वातावरण स्थापित किया जा सके।

## एनएमडीसी अपोलो अस्पताल में मनाया गया नर्स दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस इस बार भी एनएमडीसी अपोलो अस्पताल में बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आधुनिक नर्सिंग की

- फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धांजलि देकर नर्सों के योगदान को किया गया नमन

जनक मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटेंगल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्ती जलाकर की गई। इसके पश्चात उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर उपस्थित अतिथियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने



नर्सों के समर्पण और सेवा भावना को नमन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नर्सों की भूमिका को स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि नर्सें हर परिस्थिति में मरीजों की सेवा कर मानवता का सबसे बड़ा उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। कोरोना महामारी के कठिन दौर में भी नर्सों ने दिन-रात कार्य कर लाखों लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल 12 मई को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था। उनके सम्मान में वर्ष 1974 से विश्वभर में यह दिवस मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक आयोजन भी किए गए। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर विश्व नर्स दिवस मनाया गया तथा सभी ने सामूहिक रात्रि भोज का आनंद लिया। पूरे आयोजन में उत्साह, सम्मान और सेवा भावना का विशेष माहौल देखने को मिला।

## प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान का असर

# केदार ने ईंधन बचाने इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग करना किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक परिस्थितियों और ऊर्जा संरक्षण को लेकर देशवासियों से की गई अपील का समर्थन करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री की

- जरूरतों पर नियंत्रण और संसाधनों का संतुलित उपयोग ही आत्मनिर्भर भारत की पहचान

बातों को केवल सुनने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें अपनी दिनचर्या और जीवनशैली में भी अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के संतुलित उपयोग की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं लंबे समय से आवश्यकताओं को सीमित रखने और अनावश्यक संसाधनों के उपयोग से बचने का प्रयास करते रहे हैं।



उन्होंने बताया कि मंत्री बनने के बाद भी उन्होंने अपने काफिले में वाहनों की संख्या केवल दो तक सीमित रखी, ताकि ईंधन की अनावश्यक खपत को रोका जा सके। इसके साथ ही उन्होंने शासकीय बंगले में उपयोग के लिए उपलब्ध अतिरिक्त वाहनों को वापस विभाग को सौंप दिया, जिससे सरकारी संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके।

### हटाया फॉलो पायलट गाड़ी

मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद रायपुर प्रवास के दौरान उनके साथ चलने वाली फॉलो पायलट गाड़ी को भी फिलहाल बंद कर दिया गया है, ताकि ईंधन की बचत और संसाधनों के संयमित उपयोग का संदेश व्यवहारिक रूप से दिया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में वे इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है।

### घर में लगवाए सोलर पैनल

मंत्री ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इसी सोच के तहत उन्होंने अपने निवास पर सोलर पैनल भी स्थापित करवाए हैं, ताकि पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम हो और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाए, तो देश ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है।

### राजनीति नहीं होनी चाहिए

कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री की अपील पर की जा रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि देशहित, ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता जैसे विषय राजनीति से ऊपर हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों पर सभी दलों और नागरिकों को एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।

## गौ माता संगठन प्रमुख व गौ सेवकों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम में गौ माता संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों और गौ सेवकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गौ सेवा, गौ सुरक्षा और क्षेत्र में गौ तस्करी की रोकथाम को लेकर रणनीति तैयार करना था।

गौ सेवकों ने गौ वंश की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। सभी सदस्यों ने एकमत से माना कि गौ माता की रक्षा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक दायित्व भी है। गौ तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए सूचना तंत्र मजबूत करने और गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने पर



विस्तृत चर्चा हुई। तय किया गया कि गौशालाओं की स्थिति सुधारने और बीमार व बेसहारा गौ वंश के लिए चारे-पानी की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर थाना प्रभारी गीदम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संतोष साहू, इंदर सिग, महेश सोनी, रोहित, राजेश, राजू, जगदीश, राका, विशाल सहित सभी पदाधिकारियों को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि गौ माता की सेवा एवं सुरक्षा के कार्यों में गीदम पुलिस सदैव गौ सेवकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने अपील की कि यदि किसी को भी गौ तस्करी या गौ वंश के साथ क्रूरता की कोई सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। बैठक के अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों और गौ सेवकों ने संकल्प लिया कि गौ रक्षा एवं समाज सेवा के कार्यों को और अधिक मजबूती और समर्पण के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। गांव स्तर पर निगरानी समितियां बनाने और युवाओं को गौ सेवा से जोड़ने पर भी सहमति बनी। सभी ने एक स्वर में कहा कि गौ माता की सेवा से ही समाज में शांति और समृद्धि आएगी।

## पीएम श्री इंग्लिश मीडियम में लॉटरी से हुआ बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न हुई। प्रवेश हेतु पंजीयन प्रक्रिया 10 अप्रैल से 9 मई तक संचालित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पालकों ने अपने बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन किया। विद्यालय में प्रवेश के प्रति इस वर्ष भी



अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला। राज्य शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पालन करते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। शासन के निर्देशानुसार महतारी दुलार योजना के विद्यार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की गई तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों हेतु आरक्षण नियमों का भी पालन किया गया। विद्यालय में कक्षा पहली के प्रवेश हेतु कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 32 ऑनलाइन एवं 44 ऑफलाइन आवेदन शामिल थे। प्रवेश समिति द्वारा सभी दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच के बाद 58 आवेदन पात्र पाए गए। निर्धारित सीटों पर चयन हेतु 13 मई 2026 को विद्यालय परिसर में पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें कुल 50 छात्र-छात्राओं का अंतिम चयन किया गया।

लॉटरी प्रक्रिया का शुभारंभ एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप एवं खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र ठाकुर, एसएमडीसी सदस्य कमल पाणिग्रही तथा संकुल समन्वयक सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## आरसेटी में पशु सखी प्रशिक्षण का शुभारंभ

**जगदलपुर।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में 17 दिवसीय "पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम" का शुभारंभ विगत दिवस किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं पशु सखी बनाकर उन्हें पशुपालन के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा गांवों में पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर पशु चिकित्सालय विभाग से संयुक्त संचालक डॉ. डीके नेताम, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक भार्गव, सहायक पशु शल्यज्ञ डॉ. नंदकिशोर मांझी, सहायक पशु शल्यज्ञ डॉ. शेफाली मेश्राम, आरसेटी संचालक किरण कुमार लुगुन, फैकल्टी रूमा रॉय एवं शैलेन्द्र बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरसेटी संचालक किरण कुमार लुगुन ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता, अनुशासन और समर्पण के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित पशु सखियां गांवों में पशुओं की देखभाल, प्राथमिक उपचार, टीकाकरण संबंधी जागरूकता तथा पशुपालकों को आवश्यक मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### सुशासन तिहार शिविर में ग्रामीणों को मिली जनहितकारी योजनाओं की जानकारी

# कमिश्नर ने परखी योजनाओं की जमीनी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत हितग्राहियों को मिली सौगातें

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से बुधवार को ग्राम पंडरीपानी में सुशासन तिहार के तहत सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर डोमन सिंह ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर आम जनता द्वारा दिए गए आवेदनों और उनके निराकरण की अद्यतन स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही भू-स्वामियों को डिजिटल किसान किताब, खसरा एवं बी-वन नकल प्रदाय करने और वनाधिकार मान्यता पत्रों का फौती-नामांतरण किए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने प्रत्येक शिविर में स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करने तथा उन्हें उपचार सुविधाएं मुहैया करवाने कहा। साथ ही मोतियाबिंद जांच के लिए नेत्र सहायक की उपस्थिति सुनिश्चित कर मोतियाबिंद पीड़ितों को जांच करने एवं जरूरत के अनुरूप जिला या मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आपरेशन से लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने इन शिविरों में दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम अंग उपकरण उपलब्ध करवाने कहा। वहीं आधार पंजीयन शिविर के माध्यम से मोबाइल नंबर सिंडींग करने एवं छूटे हुए ग्रामीणों का आधार पंजीयन करने के निर्देश दिए।

किसानों को खेती-किसानी के लिए प्रोत्साहित करते हुए सहकारिता विभाग ने सात किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए, जबकि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा रागी बीज, आम और ऑयल पॉम के पौधों का वितरण कर किसानों को नवाचार के लिए प्रेरित किया गया। मत्स्यपालन विभाग ने भी आजीविका विस्तार हेतु दो हितग्राहियों को जाल वितरित किए। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड और सिकलिन कार्ड जारी किए, जो ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कवच का काम करेंगे। इसके साथ ही खाद्य विभाग द्वारा 14 परिवारों को नए राशन कार्ड और राजस्व विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और भारी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण उपस्थित थे।

### अन्नप्राशन और गोदभराई रस्म की गई पूरी

इस शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल पर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत सात महिलाओं को लाभान्वित किया गया, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए पांच बच्चों का अन्नप्राशन और छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की गई। ग्रामीण आवास के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी के धरमू और सुनकी को उनके नए सपनों के घर की चाबियाँ सौंपी गई।

### 11 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

शिक्षा और प्रतिभा के प्रोत्साहन देते हुए आदिवासी विकास विभाग के छात्रावासों में रहकर 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले 11 मेधावी विद्यार्थियों का विशेष सम्मान किया गया, जो क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बना। पशुधन विकास विभाग ने भी सूकरपालन को बढ़ावा देने हेतु अनुदान राशि भुगतान के प्रमाण पत्र वितरित किए।

# आंगनबाड़ी के नौनिहालों ने जाना जल का मोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- तितली के संग सीखी स्वस्थ जीवन की राह

भीषण गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण दौर में जहां बड़ों के लिए भी खुद को ऊर्जावान रखना मुश्किल हो रहा है। वहीं जिले के 126 आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों ने एक अनूठी पहल के माध्यम से स्वास्थ्य और पर्यावरण का पाठ पढ़ा। 'तितली संस्था' के विशेष सहयोग से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पानी के महत्व से रोचक और मजेदार तरीके से रूबरू कराया गया। केंद्र में मौजूद बच्चों ने खेल-खेल में यह समझा कि गर्मी के इस मौसम में अपने शरीर को ठंडा और स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त पानी पीना कितना अनिवार्य है। साधारण व्याख्यान के बजाय गतिविधियों के माध्यम से मिली इस जानकारी ने बच्चों को यह समझने में मदद की कि पानी केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। इस दौरान बच्चों को न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाया गया। नन्हे बच्चों ने यह जाना कि पानी प्रकृति का एक अनमोल उपहार है, जिसे सुरक्षित रखना और व्यर्थ होने से बचाना हम सभी सहभागिता निभायें। गतिविधियों के दौरान बच्चों के उत्साह ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि सही उम्र में सही संस्कार दिए जाएं, तो वे भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। समापन बच्चों द्वारा लिए गए एक संकल्प के साथ हुआ जिसमें उन्होंने एक स्वर में पानी बचाओ, स्वस्थ जीवन अपनाओ का संदेश देते हुए समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी।

# ढेंकी से कूटे कोदो-कुटकी और चावल लेने के लिए गिरोला पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- स्वास्थ्यवर्धक मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ी

प्रधानमंत्री के मिलेट्स के प्रति स्वास्थ्यवर्धक विचारों का असर लोगों में होने लगा है। बस्तर के कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल के गृह ग्राम गिरोला में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुटीर उद्योग का शुभारंभ किया था। विधायक ने मां हिंगलाजिन सेवा समिति बनाकर गांव के लोगों को रोजगार से जोड़कर ढेंकी से कोदो कुटकी रागी और चावल तैयार करने की पहल की थी। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग गिरोला जाकर मिलेट्स के सामान खरीद रहे हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने मंगलवार को गिरोला पहुंचकर सामान की खरीदी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार मोटा अनाज का सेवन कर लोगों को स्वस्थ रहने और बिमारियों से बचने की समझाइश देते आ रहे हैं। बस्तर की पारंपरिक ढेंकी से अनाज तैयार करने की पद्धति धीरे धीरे लुप्त होते जा रही है। लेकिन यहां गिरोला में समिति के लोग महिलाओं को जोड़कर कोदो कुटकी रागी और चावल समेत कई तरह के अनाज तैयार कर रहे हैं जो सराहनीय है। साफ सुथरे वातावरण में पैकेजिंग कर सामान तैयार कर रहे हैं। यह सामान बच्चों से लेकर युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं सभी के लिए स्वास्थ्यवर्धक है। इसका अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रचार प्रसार होना चाहिए। उन्होंने कहा स्थानीय स्तर पर भले ही कम डिमांड है लेकिन महानगरों में अधिक कीमत पर लोग खरीद रहे हैं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से लोगों में मिलेट्स अपनाने की भावना जगी है।



## बालाकृष्णनन पहुंचे प्रकाश के निवास पर जाना परिवार का हालचाल

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बालाकृष्णनन गत रात्रि अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला सह कोषाध्यक्ष प्रकाश रावल के निवास पहुंचे। इस दौरान मुलाकात के बाद भोजन ग्रहण किया और परिवारजनों का कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर प्रांत प्रमुख साकेत, बस्तर संभाग प्रमुख शैलेश धुव, नानी बाबू, मनोज जंगम सहित परिवारजन उपस्थित थे। ज्ञात हो कि भाजपा के विभिन्न संगठनों के प्रमुख नेता कार्यकर्ताओं के घर पहुंचकर भोजन करते हैं और रात्रि विश्राम भी करते हैं। इस तरह भाजपा संगठन में कार्यकर्ताओं का ध्यान रखा जाता है और इसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना होता है।




